बड़ी दूर से है आये कुछ गम तुझे सुनाने साईं भजन लिरिक्स

बड़ी दूर से है आये,
कुछ गम तुझे सुनाने,
कुछ गम तुझे सुनाने,
इस दिल का हाल बाबा,
मैं जानू या तू जाने,
मैं जानू या तू जाने,
बड़ी दूर से है आए,
बड़ी दूर से है आए।bd।

तर्ज – कभी गम से दिल लगाया।

किसको मैं दूँ सदाएं,
मेरा कोई भी नहीं है,
क़दमों में तेरे बाबा,
जन्नत मेरी यही है,
बिगड़ा हुआ नसीबा,
बिगड़ा हुआ नसीबा,
आया हूँ अब बनाने,
बड़ी दूर से है आए,
बड़ी दूर से है आए।bd।

मेरी जिंदगी भी साईं,
कोई जिंदगी नहीं है,
मेरी बंदगी ये बाबा,
क्या बंदगी नहीं है,
दिल का दीया बुझा है,
दिल का दीया बुझा है,
आए उसे जलाने,
बड़ी दूर से है आए,
बड़ी दूर से है आए।bd।

बड़ी देर हो चुकी है,
कहीं और हो ना जाए,
मेरा कौन है जो मुझको,
खुशियों की दे दुआएं,
कर दे करम की बारिश,
कर दे करम की बारिश,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आये है हम नहाने,
बड़ी दूर से है आए,
बड़ी दूर से है आए।bd।

पत्थर समझ के मुझको,
ठोकर नहीं लगाना,
तुम पर ही साईं वरना,
हंस देगा ये जमाना,
मैं क्या करूँगा बाबा,
मैं क्या करूँगा बाबा,
लेकर मधुर खजाने,
Bhajan Diary,
बड़ी दूर से है आए,
बड़ी दूर से है आए।bd।

बड़ी दूर से है आये,
कुछ गम तुझे सुनाने,
कुछ गम तुझे सुनाने,
इस दिल का हाल बाबा,
मैं जानू या तू जाने,
मैं जानू या तू जाने,
बड़ी दूर से है आए,
बड़ी दूर से है आए।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com